web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 10 अगस्त 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 313

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ईएसआईसी घोटाला : हुबली, बेंगलुरु में सीबीआई की छापेमारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीबीआई ने मंगलवार को ईएसआईसी अस्पताल पीन्या, बेंगलुरु के सहायक और अन्य के खिलाफ 96.43 लाख रुपये के गबन के आरोप में मामला दर्ज करने का दावा किया है। इस संबंध में ईएसआईसी विभाग से शिकायत प्राप्त हुई थी। सीबीआई की टीमों ने इस संबंध में मंगलवार को बेंगलुरु के हुबली में तलाशी ली। एक सूत्र ने कहा, तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। जांच एजेंसी ने अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। आगे की जानकारी का इंतजार है।

### हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आने से 2 की मौत, कई घायल

**जामनगर (आरएनएस)।** गुजरात के इस शहर में मंगलवार तडक़े 66 किलो वॉल्ट के तार के संपर्क में आने से ताजिया जुलूस में शामिल दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों का जीजी अस्पताल और अन्य निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जामनगर के पुलिस उपाधीक्षक जे.एन. जाला ने बताया, ताजिय़ा जुलूस धरार नगर -2 से गुजर रहा था, जब दुर्घटना हुई। यह बहुत लंबा था और ऊपर से 66 केवी बिजली की आपूर्ति गुजर रही थी। वे सभी जो ताजिय़ा के करीब थे या गाड़ी खींच रहे थे, वे बिजली करंट के संपर्क में आए और जख्मी हो गए। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लगभग 15 से 20 घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मरने वाले दो लोगों की पहचान आसिफ मलिक और मोहम्मद वाहिद के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है।

### दुष्कर्म करने में रहा असफल तो आरोपी ने लड़के की कर दी हत्या

**बिजनौर (आरएनएस)।** यौन उत्पीडऩ के असफल प्रयास के बाद आरोपी ने एक 13 वर्षीय लडक़े की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपी मोहम्मद फुरकान को गिरफ्तार कर लिया गया है। बिजनौर के पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह के अनुसार, लडक़ा 3 अगस्त को लापता हो गया था और उसके परिवार ने ग्रामीणों के साथ तलाशी ली और अगले दिन जंगल में उसका नग्न शव मिला। मृतक के परिवार ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान, मोहम्मद फुरकान का नाम सामने आया, क्योंकि एक ग्रामीण ने उसे लडक़े के साथ देखा था। उन्होंने कहा, जब हमने उससे पूछताछ की, तो उसने कबूल किया कि वह लडक़े को एक जंगली इलाके में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब उसने विरोध किया और भागने की कोशिश की, तो फुरकान ने उसे मौत के घाट उतार दिया।

### बंद कमरे में पंखे से लटकी मिली भाजपा नेता की लाश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तेलंगाना के भारतीय जनता पार्टी के नेता ज्ञानेंद्र प्रसाद अपने आवास पर मृत पाए गए हैं, सोमवार को पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया कि उनका शव बंद कमरे में पंखे से लटका पाया गया है। पुलिस ने बताया कि बीजेपी नेता ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सोमवार की है। जानकारी मिली थी कि मियापुर में एक व्यक्ति ने खुदकुशी कर ली है, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मियापुर पहुंची, जहां बीजेपी नेता ज्ञानेंद्र प्रसाद का शव पंखे से लटका पाया गया। पुलिस के मुताबिक सेरलिंगमपल्ली निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी की राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य ज्ञानेंद्र प्रसाद (45) अपने पेंटहाउस के एक कमरे में पंखे से लटके पाए गए। उनके पर्सनल असिस्टेंट ने इस बात की सूचना पुलिस को दी। बीजेपी नेता के आत्महत्या करने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक महीने पहले एक दुर्घटना में ज्ञानेंद्र प्रसाद के पैर में फ्रैक्चर हो गया था। पुलिस के मुताबिक आज सुबह ज्ञानेंद्र प्रसाद ने अपने पर्सनल असिस्टेंट से कहा कि वह उसे परेशान न करें, क्योंकि वह सोने जा रहे हैं। बाद में जब सहायक उन्हें नाश्ता देने कमरे में गया और दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद असिस्टेंट ने कमरे की खिडक़ी के शीशे तोड़े तो प्रसाद को पंखे से लटका पाया। पुलिस ने बीजेपी नेता के परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। प्रसाद के शव को पोस्टमार्टम के लिए एक स्थानीय अस्पताल में भेज दिया गया है।

# 2 लाख सैनिकों को कम करना चाहती है सेना, कश्मीर में फेरबदल के आसार



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सूत्रों ने बताया है कि सेना अगले दो वर्षों की अवधि में कश्मीर में अपने जवानों की संख्या में तकरीबन दो लाख की कमी लाना चाहती है। जिसमें कुछ स्थिर इकाइयों के अलावा, राष्ट्रीय राइफल्स, जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद-रोधी इकाइयों में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। रक्षा और सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि सेना अपनी ताकत 12.8 लाख से घटाकर लगभग 10.8 लाख करना चाहती है।

यह पूछे जाने पर कि क्या कोई समयसीमा तय की गई है, सूत्रों ने कहा कि सैनिकों की संख्या को युक्तिसंगत बनाना एक सतत प्रक्रिया है और कई पहलुओं पर गौर किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो वर्षों में कोई भर्ती नहीं होने के कारण सेना पहले से ही लगभग 1.35 लाख कर्मियों की कमी का सामना कर रही है। भले ही अग्निपथ योजना शुरू की गई हो, लेकिन इस साल केवल 35,000 से 40,000 कर्मियों की भर्ती की जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि नई नीति के तहत जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) की तैनाती में पुनर्गठन पर विचार किया जा रहा है। जबकि केंद्र शासित प्रदेश में लगभग 63 आरआर बटालियन हैं, यह सेना की अन्य इकाइयों से अद्वितीय है। आरआर बटालियन में सेप्रत्येक में एक नियमित पैदल सेना गठन के चार की तुलना में छह कंपनियां हैं, और प्रत्येक कंपनी – जिसमें 100 से 150 सैनिक शामिल हैं।

सूत्रों ने कहा कि विचार प्रक्रियाओं में से एक प्रत्येक बटालियन में दो कंपनियों को कम करना था। दूसरा यह देखना था कि क्या आरआर बटालियनों की वास्तविक संख्या को कम किया जा सकता है और क्या आतंकवाद-रोधी ग्रिड कोप्रभावित किए बिना प्रत्येक के लिए उत्तरदायित्व का क्षेत्र (एओआर) बढ़ाया जा सकता है।

### भारत म्यांमार सीमा पर उग्रवादियों ने की फायरिंग, असम राइफल्स का एक जवान घायल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** म्यांमार सीमा पार से आए उग्रवादियों ने अरुणाचल प्रदेश में असम राइफल्स के जवानों पर गोलियां चला दीं। फायरिंग तिरप चांगलांग इलाके में हुई। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी तेजपुर ने बताया कि हमले में एक जवान घायल हो गया है। जनसंपर्क अधिकारी ए. एस. वासिया, लेफ्टीनेंट कर्नल, ने बताया, भारत म्यांमार सीमा के पार से उग्रवादी जीपीएस द्वारा एआर टीपीएस पर गोलीबारी की घटना आज तडक़े जनरल इलाके तिरपचांगलांग में हुई। एआर टीपीएस आगामी स्वतंत्रता दिवस 2022 के लिए बढ़ी हुई निगरानी के मद्देनजर गश्त गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। यह बताया गया कि असम राइफल्स के सैनिक अगस्त में स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले क्षेत्र में गश्त बढ़ा रहे थे तभी ये घटना हुई। यह भी बताया गया कि अरुणाचल प्रदेश में पंगसाऊ दर्रे के पास गोलीबारी में जेसीओ घायल हो गया, जबकि फायरिंग की एक और घटना नागालैंड के नोकलाक जिले से हुई जिसकी जानकारी की अभी प्रतीक्षा है।

## एनआईए की बड़ी कार्यवाई, भोपाल में जेएमबी के 2 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भोपाल में फिर छापेमारी की है। इस बार एनआईए ने भोपाल से सटे ईंटखेड़ी इलाके से दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक इन दोनों संदिग्धों का मार्च 2022 में भोपाल से पकड़े गए जमात-उल-मुजाहिदीन के आतंकियों से कनेक्शन बताया जा रहा है। पिछली बार रायसेन से दो युवकों को पकड़ा था, जिन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया था।

एनआईए ने दोनों आतंकियों को ईटखेड़ी इलाके से पकड़ा है। आरोपियों के नाम हमीदुल्ला उर्फ राजू गाजी और मोहम्मद सहादत हुसैन है। दोनों मूल रूप से बांग्लोदश के रहने वाले है। दोनों पर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विभिन्न समूहों में ऑनलाइन घृणित और आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करके जेहाद के प्रचार-प्रसार में शामिल होने के सबूत मिले हैं। यह आरोपी बांग्लोदश और भारत में अपने सहयोगियों से बात करने के लिए एन्क्रिप्टेड ऐप का इस्तेमाल करते थे।

आरोपी इससे पहले भोपाल में एशबाग में गिरफ्तार जमात-ए-मुजाहिदीन से जुड़े आतंकियों के करीबी और सहयोगी है। इससे पहले मध्य प्रदेश एसटीएफ भोपाल ने 14 मार्च 2022 को केस दर्ज कर एशबाग से संदिग्ध आतंकियों को पकड़ा था। इसके बाद 5 अप्रैल को एनआईए ने केस अपने हाथ में लेकर दोबारा एफआईआर दर्ज की थी। इस केस में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इसमें तीन बांग्लोदशी थे। अभी तक की जांच में सामने आया है कि यह आतंकी जेएमबी की विचारधारा का प्रचार करने और युवाओं को भारत के खिलाफ जेहाद करने के लिए प्रेरित करने में शामिल पाए गए हैं। एनआईए की नई दिल्ली की टीम ने पिछले हफ्ते आईएसआईएस के दो संदिग्धों को हिरासत में लिया था। रायसेन और सिलवानी में छापे मारे थे। दावा किया था कि कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी बरामत हुई है।

## रांची-जमशेदपुर हाइवे पर ट्रक ने स्कूल वैन को रौंदा, चार बच्चों की मौत



**जमशेदपुर (आरएनएस)।** रांची से लगभग 40 किलोमीटर दूर बुंडू सूर्य मंदिर के पास मंगलवार दोपहर एक तेजरफ्तार ट्रक ने स्कूली बच्चों की वैन को रौंद डाला। इस हादसे में चार बच्चों की मौत हो गयी है, जबकि आधा दर्जन छात्र घायल हैं। हादसे के बाद गुस्साये लोगों ने रांची-जमशेदपुर हाइवे को जाम कर दिया है। इसके कारण वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। घटनास्थल पर चीख-पुकार मची है। बताया गया कि ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसकी टक्कर से स्कूल वैन पलटते हुए लगभग 50 मीटर दूर जा गिरी। ट्रक ने एक ट्रैक्टर को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद काफी देर तक कई बच्चे स्कूल वैन में ही गंभीर रूप से घायल होकर फंसे रहे। हादसे की सूचना मिलते ही बुंडू पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। दुर्घटनाग्रस्त स्कूली वैन से चार बच्चों के शव बाहर निकाले गये हैं। घायल बच्चों को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। बुंडू एसडीपीओ अजय कुमार भी राहत कार्य में जुटे हैं।

हादसे की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग जुट गये। सैकड़ों लोगों ने रांची-जमशेदपुर मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया है। लोगों का कहना है कि इस स्थान पर हमेशा सडक़ दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए प्रशासन की ओर से अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

## ट्रेन से कटकर अब हाथियों की नहीं होगी मौत, वन विभाग ने तैयार की योजना



**हल्द्वानी (आरएनएस)।** तराई केंद्रीय और तराई पूर्वी वन प्रभाग क्षेत्र से लगे हाथी कॉरिडोर क्षेत्र से गुजरने वाले हाथियों को अब रेलवे ट्रैक और हाईवे को पार नहीं करना पड़ेगा। पूर्व में ट्रेन से कटकर कई हाथियों की मौत के बाद वन विभाग अब हाथियों के गुजरने वाले रास्ते पर फ्लाईओवर का निर्माण कराएगा, जिससे कि भविष्य में हाथियों की मौत ट्रेन से कटकर नहीं होगी। हाथियों का झुंड हाईवे पर नहीं पहुंचेगा।

तराई केंद्रीय वन प्रभाग और तराई पूर्वी वन प्रभाग के डीएफओ ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ लालकुआं स्थित हाथी कॉरिडोर क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों वन डिविजन के अंतर्गत हाथियों के आवागमन में आड़े आ रहे राष्ट्रीय राजमार्ग और रेल मार्ग पर फ्लाईओवर बनाने पर चर्चा की गई। फ्लाईओवर बनने से भविष्य में हाथियों की मौत ट्रेन और वाहनों से टकराकर नहीं होगी।

गौरतलब है कि लालकुआं से पंतनगर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण हो रहा है, जहां हाथी कॉरिडोर क्षेत्र में भी राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण होना है। ऐसे में वन विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर हाथी कॉरिडोर क्षेत्र में हाथियों के रास्ते को कैसे ठीक किया जाए, जिससे कि हाथियों के रास्ते में किसी तरह का कोई बाधा ना उत्पन्न हो।

केंद्रीय वन प्रभाग डीएफओ वैभव कुमार ने बताया कि हाथी कोरिडोर क्षेत्र में पूर्व में ट्रेन से कटकर कई हाथियों की मौत हो चुकी है। ऐसे में अब वन विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे के साथ संयुक्त रुप से बैठक कर हाथियों के आवागमन के रास्ते में किसी तरह का कोई अवरुद्ध पैदा ना हो। इसको देखते चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन के निर्देश पर कार्रवाई शुरू की गई है। पूर्व में भी इसको लेकर करवाई हुई थी लेकिन कुछ अड़चनें आ रहीं थीं। ऐसे में अब नए सिरे से इस परियोजना की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ने किया मंत्रिमंडल विस्तार, 18 नए मंत्रियों ने ली शपथ



**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को 18 नए मंत्रियों के साथ अपनी टीम का विस्तार किया। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली तत्कालीन महा विकास अघाड़ी सरकार गिरने के बाद 30 जून को दोनों के कार्यभार संभालने के 40 दिनों के बाद संतुलन बनाने का प्रयास करते हुए शिंदे ने अपने गुट से 9 और सहयोगी भारतीय जनता पार्टी से 9 मंत्रियों को शामिल किया है।

शिंदे गुट से शामिल मंत्रियों में गुलाबराव पाटिल, दादाजी भुसे, संजय राठौड़, संदीपन भुमरे, उदय सामंत, तानाजी सावंत, अब्दुल सत्तार, दीपक केसरकर और शंभूराज देसाई शामिल हैं। मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले भाजपा विधायक हैं राधाकृष्ण विखे-पाटिल, चंद्रकांत पाटिल, सुधीर मुनगंतीवार, गिरीश महाजन, विजयकुमार गावित, सुरेश खाड़े, अतुल सावे, रवींद्र चव्हाण और मंगल प्रभात लोढ़ा।

राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने शिंदे, फडणवीस, विपक्ष के नेता अजीत पवार, विभिन्न राजनीतिक दलों के अन्य विधायकों और अधिकारियों की मौजूदगी में राजभवन में एक समारोह में नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

महाराष्ट्र में 30 जून को एकनाथ शिंदे ने शिवसेना से बगावत कर भाजपा के साथ मिलकर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद से ही मंत्रिमंडल का गठन नही हो पा रहा था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पिछले दिनों दिल्ली दौरे पर थे। यहीं पर भाजपा आलाकमान से हरी झंडी मिलने के बाद मंत्रिमंडल का गठन किया गया।

मंत्रिमंडल में आज शिंदे गुट और भाजपा के 9-9 मंत्रियों को जगह दी गई है। राजभवन में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने सभी मंत्रियों को शपथ दिलाई। माना जा रहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र के बाद कुछ और मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा।

**पीएम मोदी ने दी बधाई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकनाथ शिंदे सरकार के नए मंत्रियों को शपथ लेने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ट्वीट कर सभी मंत्रियों को बधाई दी और कहा कि ये टीम प्रसाशनिक अनुभव और जोश से भरी हुई है। महाराष्ट्र के लोगों के भले के लिए काम करेगी।

## सरकारी बस और ऑटो में भीषण टक्कर, 8 लोगों की मौके पर ही मौत



**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम में सरकारी बस और ऑटो रिक्शा की भीषण टक्कर में 8 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक रामपुरहाट 1 प्रखंड की कष्टगोरा पंचायत परकंडी गांव के रहने वाले थे। घटना रामपुरहाट थाने के तेलदा गांव के पास की है।

जानकारी के मुताबिक, ऑटो में सवार यात्री धान की रोपाई का काम पूरा कर गांव लौट रहे थे। तभी रानीगंज-मोरग्राम राष्ट्रीय राजमार्ग-60 के पास बस और ऑटो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। वहीँ ऑटो सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ऑटो चालक को गंभीर हालत में रामपुरहाट अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

इधर घटना की सूचना मिलने पर मल्लारपुर, रामपुरहाट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम ने क्षतिग्रस्त ऑटो से यात्रियों के मृत देह को बाहर निकाला। ऑटो में चालक समेत कुल 10 लोग सवार थे। ऑटो में सवार सभी मजदूर थे।

## छत्तीसगढ़ में लागू हुआ पेसा : अब अपने जल- जंगल जमीन का खुद फेसला लेंगे आदिवासी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने विश्व आदिवासी दिवस के दिन अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत अधिकारों का विस्तार-पेसा नियम-2022 लागू कर दिया। इसके साथ ही यह कानून छत्तीसगढ़ में लागू हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को कहा, छत्तीसगढ़ में पेसा अधिनियम को लेकर नियम बन चुका है। इससे आदिवासी अपने जल-जंगल-जमीन के बारे में खुद फैसला ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ज़िले में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, आदिवासियों के हितों को संरक्षण देने के लिए राज्य में पेसा कानून लागू होने से ग्राम सभा का अधिकार बढ़ेगा। नए नियम से ग्राम सभा के 50प्रतिशत सदस्य आदिवासी समुदाय से होंगे। इस 50प्रतिशत में से भी 25प्रतिशत महिला सदस्य होंगी। अब गांवों के विकास में निर्णय लेने और आपसी विवादों के निपटारे का भी उन्हें अधिकार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, आदिम संस्कृति, छत्तीसगढ़ की पहचान है और आदिवासियों का आजादी की लड़ाई में बड़ा योगदान रहा है। हम आदिवासियों के सारे योगदान को सहेज कर रखना चाहते हैं। इसके लिए समुदाय की भाषा, संस्कृति सभी कुछ सहेजने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, उनकी सरकार बनने के बाद पहली बार विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई। आदिवासियों को वन अधिकार के पट्टे दिए गए जिसके तहत अभी तक पांच लाख पट्टे दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार 65 प्रकार के लघु वनोपज खरीद रही है। यही वजह है कि बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अपने गांवों के लिए बैंक खोलने की मांग कर रहे हैं।

राज्य सरकार आदिवासियों के स्वास्थ्य के लिए लगातार काम कर रही है। इसी का नतीजा है कि मलेरिया के मामलों में 65 प्रतिशत की कमी आई है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक से भी

### मुख्यमंत्री ने अचानकमार टाइगर रिजर्व और सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व को सौंपे 12,500 हेक्टेयर वन क्षेत्र का अधिकार पत्र

विश्व आदिवासी दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बड़ी पहल करते हुए आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के दो बड़े टाइगर रिज़र्व में कोर एवं बफर क्षेत्र में वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के तहत 10 ग्राम सभाओं के सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र प्रदान किए। इसमें अचानकमार टाइगर रिज़र्व की 5 ग्राम सभाएं एवं सीतानदी उदंती क्षेत्र की 5 ग्राम सभाएं शामिल हैं। अचानकमार टाइगर रिज़र्व के जिन 5 ग्राम सभाओं के अधिकार प्रदान किए गए हैं। वो मुंगेली जिला के क्षेत्र है, जिसमें से 4 गांव कोर एवं 1 गांव बफर क्षेत्र का है, इनमें महामाई ग्राम सभा को 1384.056 हेक्टेयर, बाबूटोला ग्राम सभा को 1191.6 हेक्टेयर, बम्हनी ग्राम सभा को 1663 हेक्टेयर, कटामी ग्राम सभा को 3240 हेक्टेयर एवं मंजूरहा ग्राम सभा को 661.74 हेक्टेयर पर सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रदान किए गए हैं। अचानकमार टाइगर रिज़र्व से आनंद एक्का, फूल सिंह बैगा, तितरू सिंह मरावी, मान सिंह बैगा, दिलहरण टेकाम, अघन सिंह मरावी, मंगल सिंह एक्का, संतोष मरावी, नवल प्रजापति और फिरतु राम बैगा ने यह अधिकार पत्र मुख्यमंत्री से प्राप्त किया और शहद भेंट कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। इसी के साथ सीतानदी उदंती टाइगर रिज़र्व में राज्य में पहली बार एक साथ संयुक्त रूप से सामुदायिक वन संसाधन अधिकार धमतरी जिले के सीतानदी टाइगर रिज़र्व की तीन ग्राम सभा लिखमा, बनियाडीह, मैनपुर को 1811.53 हेक्टेयर में मान्य किया गया है। उल्लेखनीय है कि बरसो से इनकी पारंपरिक सीमाए एक ही है, परन्तु आबादी बढऩे के कारण इन्हें तीन गाँव में विभक्त कर दिया गया था, इसलिए वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के तहत इन्होने एक साथ वन संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन, परिरक्षण और प्रबंधन का निर्णय लिया है।